HITAVADA, Jabalpur, 5.10.2023
Page No. 1, Size:(24.90)cms X (16.31)cms.

# PM to lay stone for GAIL's 317 kms Nagpur-Jabalpur pipeline today

**Business Reporter**

"MATERIALISING the vision of Prime Minister Narendra Modi towards expansion of National Gas Grid, the Gas Authority of India Limited (GAIL) is going to start 317-km-long Nagpur-Jabalpur Natural Gas Pipeline Project. It is an opportunity for GAIL that Prime Minister Narendra Modi will lay the foundation stone of the project while he will also inaugurate Vijaipur-Auraiya Natural Gas Pipeline Project at a function in Jabalpur on Thursday," said Sandeep Kumar Gupta, CMD of GAIL, while addressing a press conference on Wednesday.




CMD of GAIL Sandeep Kumar Gupta, accompanied by other officers, addressing a press conference. (Pic by Anil Tiwari)

CMD Gupta added that the 317-km-long Nagpur-Jabalpur Natural Gas Pipeline which is being built at an investment of Rs 1,103 crore will originate from Nagpur in Maharashtra and pass through Chhindwara, Seoni and Jabalpur districts in Madhya Pradesh. The length of the pipeline in Madhya Pradesh is 256 km, passing through 144 villages of these three districts.

This pipeline is a part of 1,755 km-long Mumbai-Nagpur-Jharsuguda Pipeline (MNJPL) Project which is categorised as high impact category under PM Gati Shakti Master Plan initiative.

The pipeline will supply natural gas to four geographical areas authorised by PNGRB along this pipeline route in Madhya Pradesh. These include Betul, Chhindwara, Seoni and Balaghat, Damoh, Jabalpur, Katni, Mandla, Umaria and Dindori, Hoshangabad, Narsinghpur, Sagar, Vidisha and Anuppur. Thus, with completion of this pipeline, 15 districts of Madhya Pradesh will have access to natural gas.

Around 26 lakh PNG connections will be provided and more than 550 CNG stations will be established in these 4 GAs by the city gas distribution companies in coming days. The project is targeted to be completed by October 2024 and will provide around five lakh man-days of direct or indirect

(Contd on page 2)

## PM to lay stone for GAIL's 317 kms...

employment opportunities during the construction phase. The 352 km-long Vijaipur-Auraiya Natural Gas Pipeline (193 km in Madhya Pradesh and 159 km in Uttar Pradesh) has been built at an investment of Rs 1,765 crore to supply environment-friendly and affordable fuel to industries, households and transport sectors in the State of Madhya Pradesh and Uttar Pradesh.

A unique feature of natural gas pipelines is availability of uninterrupted supply of fuel at door step. Vehicular traffic congestion of roads will be reduced since tankers and heavy vehicles related to gas supply by road would be off the road due to pipeline.

It will help to reduce carbon emission and air pollution also. With increasing concerns about environmental degeneration and pollution, natural gas can serve as a clean and environment friendly fuel. During the press conference, Deepak Gupta, Director (Projects), D K Ojha, Deputy Director General, Ministry of Petroleum & Natural Gas, GoI, Akhilesh Jain, Independent Director, and A K Tripathi were present.

HARI BHOOMI, Jabalpur, 5.10.2023
Page No. 7, Size:(21.03)cms X (17.18)cms.




# पीएम आज करेंगे नागपुर-जबलपुर गैस पाईप-लाइन का शिलान्यास

**जबलपुर।** राष्ट्रीय गैस ग्रिड के विस्तार की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति के क्रम में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जबलपुर में गेल इंडिया की नागपुर जबलपुर प्रकृतिक गैस पाईप लाईन परियोजना का शिलान्यास एवं विजयपुर औरैया प्रकृतिक गैस पाईपलाईन परियोजना का लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी चेयरमेन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप क्रमार गुप्ता ने पत्रकारवार्ता में दी। उन्होंने बताया 1103 करोड़ रुपये की लागत से नागपुर जबलपुर के बीच बिछाई जा रही इस लाईन की शुरुआत नागपुर से होगी जो छिंदवाड़ा सिवनी होते हुये जबलपुर से गुजरेगी। यह पाईप लाईन 1755 किलोमीटर की मुंबई नागपुर झारसुगुड़ा पाईपलानई परियोजना का हिस्सा है। जिसके माध्यम से उद्योगों, घरों और परिहवन क्षेत्र में किफायती ईंधन उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस अवसर पर मेनेजिंग डायरेक्टर दीपक गुप्ता, डायरेक्टर प्रोजेक्ट गेल डीके ओझा, डिप्टी डायरेक्टर जनरल मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम नेटरल गैस अखिलेश जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। गेल इंडिया के डायरेक्टर अखिलेश जैन भी मौजूद रहे।

NAI DUNIYA, Jabalpur, 5.10.2023
Page No. 4, Size:(38.50)cms X (11.58)cms.

# 1103 करोड़ की नागपुर-जबलपुर गैस पाइप लाइन परियोजना का शिलान्यास करेंगे पीएम

## विजयपुर-औरैया प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना का भी होगा लोकार्पण, गेल इंडिया के प्रबंधन ने मीडिया को दी जानकारी

**जबलपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जबलपुर प्रवास के दौरान गेल इंडिया की दो परियोजनाओं को शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। वे 1103 करोड़ रुपये की नागपुर-जबलपुर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना का शिलान्यास करेंगे। वहीं विजयपुर-औरैया प्राकृतिक गैस पाइप लाइन परियोजना जिसकी निर्माण लागत 1765 करोड़ रुपये है, उसका भी लोकार्पण करेंगे। गेल इंडिया के प्रबंध संचालकों ने निजी होटल में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी।



गेल इंडिया की गैस पाइपलाइन परियोजना की जानकारी देते कंपनी के अधिकारी। ● नईदुनिया

गेल इंडिया के चेयरमैन और एमडी संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि महारत्न कंपनी गेल इंडिया द्वारा शुरू की गई दोनों परियोजनाओं राष्ट्रीय गैस ग्रिड का हिस्सा है, जो संपूर्ण देश में ईंधन और फीडस्टाम्क के रूप में प्राकृतिक गैस की पहुंच और उपयोग को बढ़ाने के लिए विकसित की जा रही है। आगामी सालों में प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी मौजूदा 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का विजन तैयार किया है।

**317 किमी लंबी लाइन-** 1103 करोड़ रुपये की लागत से बिछाई जा रही गैस पाइप लाइन महाराष्ट्र के नागपुर से मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, सिवनी और जबलपुर जिले से होकर निकलेगी। अक्टूबर 2024 तक जबलपुर में घर-घर में घरेलू गैस मिलना प्रारंभ हो जाएगी। मप्र में इस पाइपलाइन की लंबाई 256 किमी है जो इन तीन जिलों के 144 गांवों से होकर निकलेगी। यह पाइपलाइन 1755 किमी लंबी मुबंई-नागपुर-झारसुगुड़ा पाइपलाइन परियोजना का हिस्सा है। इस पाइपलाइन से बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, दमोह, जबलपुर, कटनी, मंडला, उमरिया, डिंडौरी, होशंगाबाद, नरसिंहपुर, सागर, विदिशा तथा अनूपपुर में गैस पाइप लाइन का लाभ मिलेगा। कंपनी के डायरेक्टर दीपक गुप्ता ने बताया कि कंपनी द्वारा लगभग 26 लाख पीएनजी कनेक्शन दिए जाएंगे। इसके अलावा 550 से अधिक सीएनजी स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इस परियोजना को अक्टूबर 2024 तक पूरा किया जाएगा।

**352 किमी लंबी विजयपुर-औरैया प्राकृतिक गैस पाइपलाइन-** मप्र में 193 किमी और उप्र में 159 किमी का निर्माण 1765 करोड़ रुपये से होगा। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में उद्योगों, घरों और परिवहन क्षेत्रों को पर्यावरण के अनुकुल और किफायती ईंधन की आपूर्ति के लिए यह पाइपलाइन बिछाई जा रही है। यह पाइपलाइन मप्र के गुना, जालौन, औरैया जिलों से होकर गुजरती है। इस परियोजना के निर्माण चरण के दौरान लगभग 5.3 लाख मानव दिवस के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा। इस परियोजना में 13 एमएमएससीएमडी प्राकृतिक गैस के परिवहन की क्षमता है। इस पाइपलाइन से पीएनजीआरबी द्वारा अधिकृत छह जिलों को ईंधन की आपूर्ति होगी। आने वाले समय में 2.9 लाख पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे, 83 से अधिक सीएनजी स्टेशन होंगे। प्रेसवार्ता में डीके ओझा, सीए अखिलेश जैन, संदीप कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, एके त्रिपाठी मौजूद रहे।

PEOPLE SAMACHAR, Jabalpur, 5.10.2023
Page No. 12, Size:(21.68)cms X (11.23)cms.

# अक्टू. 24 तक जबलपुर व 3 शहरों में प्राकृतिक गैस पाइप लाइन

## पीएम मोदी करेंगे गेल की नागपुर-जबलपुर प्राकृतिक गैस पाइप लाइन का शिलान्यास




पीपुल्स संवाददाता ● जबलपुर
मो.नं. 9713230229

अगले वर्ष अक्टूबर 2024 तक जबलपुर सहित प्रदेश की तीन शहरों में प्राकृतिक गैस पाइप लाइन पहुंचेगी। 1103 करोड़ रुपए की लागत से बिछाई जा रही 317 किमी लंबी पाइप लाइन का शिलान्यास देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जबलपुर में करेंगे। इसके साथ ही वे विजयपुर-औरैया प्राकृतिक गैस पाइप लाइन का लोकपर्ण भी करेंगे। उक्त जानकारी बुधवार को होटल आर्बिट में आयोजित प्रेस वार्ता में गेल के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार गुप्ता ने दी। श्री गुप्ता ने बताया महारत्न कम्पनी गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा शुरू की गई दोनों परियोजनाएं राष्ट्रीय गैस ग्रिड का हिस्सा हैं, जो कि पूरे देश में ईंधन और फीडस्टॉक के प में प्राकृतिक गैस की पहुंच और उपयोग को बढ़ाने के लिए विकसित की जा रही है।

प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम एवं गैस मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर जनरल डीके ओझा ने बताया 317 किमी नागपुर-जबलपुर प्राकृतिक गैस पाइप लाइन नागपुर से शुरू होकर मप्र के छिंदवाड़ा, सिवनी और जबलपुर जिले से होकर गुजरेगी। प्रदेश में इस पाइप लाइन की लंबाई 256 किमी है जो इन तीन जिलों के 144 गांवों से होकर गुजरती है। यह पाइप लाइन 1755 किमी लंबी मुंबई-नागपुर-झारसुगुडा पाइप लाइन परियोजना का हिस्सा है।

यह पाइपलाइन मध्य प्रदेश में पीएनजीआरबी द्वारा अधिकृत 4 जीए को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करेगी। ये जीए हैं बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट, दमोह, जबलपुर, कटनी, मंडला, उमरिया और डिंडोरी, होशंगाबाद, नरसिंहपुर, सागर और विदिशा तथा अनूपपुर। इस पाइपलाइन के पूरा होने के साथ मध्य प्रदेश के 15 जिलों में प्राकृतिक गैस पहुंचेगी। इस आने वाले दिनों में शहर गैस वितरण कंपनियों द्वारा इन 4 जीए में लगभग 26 लाख पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे और 550 से अधिक सीएनजी स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। 352 किलोमीटर लंबी विजयपुर-औरैया प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (मध्य प्रदेश में 193 किमी और उत्तर प्रदेश में 159 किमी का निर्माण) 1,765 करोड़ रुपये के निवेश से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्य में उद्योगोंए घरों और परिवहन क्षेत्रों को पर्यावरण के अनुकूल और किफायती ईंधन की आपूर्ति के लिए किया गया है। भविष्य में शहर गैस वितरण कंपनियों द्वारा लगभग 2.9 लाख पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे और 83 से अधिक सीएनजी स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। प्रेस वार्ता में जीएम ज्योति कुमार भी उपस्थित रहे।

JABALPUR EXPRESS, Jabalpur, 5.10.2023
Page No. 3, Size:(12.26)cms X (17.44)cms.




# पीएम आज करेंगे नागपुर जबलपुर गैस पाईप लाईन का शिलान्यास

जबलपुर, (ईएमएस)। राष्ट्रीय गैस ग्रिड के विस्तार की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति के क्रम में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जबलपुर में गेल इंडिया की नागपुर जबलपुर प्रकृतिक गैस पाईप लाईन परियोजना का शिलान्यास एवं विजयपुर औरैया प्रकृतिक गैस पाईपलाईन परियोजना का लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी चेयरमेन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप क्रमार गुप्ता ने पत्रकारवार्ता में दी। उन्होंने बताया 1103 करोड़ रुपये की लागत से नागपुर जबलपुर के बीच बिछाई जा रही इस लाईन की शुरुआत नागपुर से होगी जो छिंदवाड़ा सिवनी होते हुये जबलपुर से गुजरेगी। यह पाईप लाईन 1755 किलोमीटर की मुंबई नागपुर झारसुगुड़ा पाईपलानई परियोजना का हिस्सा है। जिसके माध्यम से उद्योगों, घरों और परिह्वन क्षेत्र में किफायती ईंधन उपलब्ध्र कराया जा सकेगा। इस अवसर पर मेनेजिंग डायरेक्टर दीपक गुप्ता, डायरेक्टर प्रोजेक्ट गेल डीके ओझा, डिप्टी डायरेक्टर जनरल मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम नेटरल गैस अखिलेश जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

RAJ EXPRESS, Jabalpur, 5.10.2023
Page No. 3, Size:(19.79)cms X (11.72)cms.

# 317 किमी लंबी है नागपुर-जबलपुर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन

गेल (इंडिया) के डायरेक्टर अखिलेश जैन ने बताया कि नागपुर-जबलपुर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन 317 किलोमीटर लंबी है। यह पाइपलाइन मध्य प्रदेश में पीएनजीआरबी द्वारा अधिकृत 4 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करेगी। इनसे मध्य प्रदेश के 15 जिलों में प्राकृतिक गैस पहुंचेगी। आने वाले दिनों में शहर गैस वितरण कंपनियों द्वारा इस सेवा से लगभग 26 लाख पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे और 550 से अधिक सीएनजी स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक गुप्ता, डायरेक्टर प्रोजेक्ट गेल डीके ओझा, डिप्टी डायरेक्टर जनरल मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम नैचुरल गैस अखिलेश जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

RAJ EXPRESS, Jabalpur, 5.10.2023
Page No. 3, Size:(19.87)cms X (14.91)cms.

# गैस पाइपलाइन का शिलान्यास करेंगे

**जबलपुर।** राष्ट्रीय गैस ग्रिड के विस्तार की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति के क्रम में पांच अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मील का एक नया पत्थर स्थापित करेंगे। जबलपुर में गेल (गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) की नागपुर से जबलपुर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना का शिलान्यास एवं विजयपुर-औरेया प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जबलपुर में करेंगे। यह जानकारी गेल (इंडिया) चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप कुमार गुप्ता ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में दी।

श्री गुप्ता ने बताया कि 1103 करोड़ रुपये की लागत से नागपुर से जबलपुर के बीच पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इसकी शुरुआत नागपुर से होगी, जो छिंदवाड़ा सिवनी होते हुये जबलपुर से गुजरेगी। यह पाइपलाइन 1755 किलोमीटर की मुंबई, नागपुर, झारसुगुड़ा पाइपलाइन परियोजना का हिस्सा है। जिसके माध्यम से उद्योगों, घरों और परिवहन क्षेत्र में किफायती ईंधन उपलब्ध कराया जा सकेगा।